**मौत** | प्रारंभिक जांच में स्वाभाविक कारणों के संकेत

# कान्हा टाइगर रिजर्व में नर बाघ शावक की मौत



**नवभारत, बालाघाट।** जिले की सीमा से सटे कान्हा टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र सरही के बड़े अमाही नाला क्षेत्र में 21 अप्रैल 2026 को एक नर बाघ शावक की मृत्यु का मामला सामने आया है। यह घटना बीट सरहीनकान, कक्ष क्रमांक 668 (69) में दर्ज की गई, जिसके बाद वन विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।

क्षेत्र संचालक कान्?हा टाईगर रिजर्व मण?डला ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थल को सुरक्षित कर लिया गया। डॉग स्क्वाड की मदद से पूरे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान आसपास मादा बाघ अपने अन्य शावकों के साथ देखी गई, जिससे यह संकेत मिला कि घटना किसी बाहरी हमले से जुड़ी नहीं हो सकती।

मृत बाघ शावक के पोस्टमार्टम के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को मौके पर बुलाया गया। इस टीम में जबलपुर से प्रोफेसर (स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ) डॉ. सोमेश सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी मोतीनाला डॉ. सुनील गोयल तथा बिछिया के डॉ. विशाल उद्दे शामिल रहे। टीम द्वारा घटनास्थल पर ही विधिवत शव परीक्षण किया गया, जिसमें शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। प्राथमिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर शावक की मृत्यु स्वाभाविक कारणों से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि, अंतिम निष्कर्ष विस्तृत रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्क्) का पालन करते हुए शावक के शव का दाह संस्कार भी मौके पर ही किया गया।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य वन संरक्षक जबलपुर श्री एम.आर. बघेल, क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित वन विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अमला, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की प्रतिनिधि, मानद वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। वन विभाग ने बताया कि मामले की सतत निगरानी की जा रही है और किसी भी संभावित कारण की जांच को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। फिलहाल, क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और मादा बाघ अपने शेष शावकों के साथ सुरक्षित देखी गई है।

## फिर से चालू होंगे चेक पोस्ट नाके




**बालाघाट।** विगत 30 जून 2024 को राज्य सरकार द्वारा निजी परिवहन कर्ताओं के पक्ष में मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कारवाई न होने से चेक पोस्ट बंद किए जाने के आदेश जारी किए गए थे । इस आदेश के विरुद्ध पुन: आदेश माननीय न्यायालय ने जारी किए है जिसके तहत उच्च न्यायालय खंडपीठ जबलपुर ने सरकार के चेक पोस्ट नाके बंदी के आदेश को निरस्त करने के आदेश ज़ारी किया है । अब जल्दी ही राज्य तथा केंद्रीय मोटर व्हीकल एक्ट का पालन करने के लिए परिवहन विभाग चेक पोस्ट चालू कर सकेगा और पुन: शीघ्र ही नाके चालू किए जाएंगे ।



# पुलिस कंट्रोल रूम में बैंक सुरक्षा एवं पुलिस-बैंक समन्वय को लेकर बैठक आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में बैंक सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं पुलिस-बैंक समन्वय को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बालाघाट के निर्देशन में पुलिस कंट्रोल रूम में बैंक प्रबंधकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बैंक सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस एवं बैंक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी बैंक शाखाएं अपने संबंधित थाना एवं बीट अधिकारी के साथ नियमित संपर्क बनाए रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रत्येक बैंक के लिए नोडल पुलिस अधिकारी नियुक्त कर समन्वय व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में बैंक परिसरों में सीसीटीव्ही कैमरों का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित करने, किसी भी प्रकार के ब्लाइंड स्पॉट को समाप्त करने पर बल दिया गया। साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा रात्रि के समय स्पष्ट दृश्यता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

इसके अतिरिक्त प्रशिक्षित एवं हथियारयुक्त सुरक्षा गार्ड की तैनाती, पैनिक बटन एवं अलार्म सिस्टम को सक्रिय रखने, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा मजबूत करने तथा कैश ट्रांजिट के दौरान पुलिस समन्वय सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि बैंक स्टाफ को नियमित रूप से सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा समय-समय पर पुलिस एवं बैंक के संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित किए जाएंगे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में बैंक सुरक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना तथा पुलिस एवं बैंक के बीच त्वरित एवं प्रभावी समन्वय स्थापित करना है।

# परसवाड़ा क्षेत्र का गौरव : डॉ विक्रम सिंह लाहोरी राष्ट्रीय सम्मान के लिए नामांकित



**नवभारत, परसवाड़ा।** बालाघाट जिले के परसवाड़ा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है कि बैहर निवासी प्रख्यात इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं हॉलिस्टिक मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ विक्रम सिंह लाहोरी का नाम भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण 2026 के अंतर्गत प्रतिष्ठित सदगुरु कबीर ज्ञानपीठ अवॉर्ड एवं मदर टेरेसा सेवा सुश्रुषा अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है।

डॉ लाहोरी पिछले 14 वर्षों से इलेक्ट्रोहोम्योपैथी एवं हॉलिस्टिक हेल्थ वेलनेस के क्षेत्र में निरंतर सेवा देते हुए समाज के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने संपूर्ण भारत में 1000 से अधिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए हैं तथा 500 से अधिक नि:शुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा सेमिनारों के माध्यम से जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया है।

उनके प्रयासों से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ी है और लोग स्वयं की देखभाल के साथ-साथ सामाजिक स्वास्थ्य के प्रति भी सजग हुए हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का परिणाम है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है।

इस अवसर पर डॉ लाहोरी ने विनम्रता व्यक्त करते हुए इस सम्मान का श्रेय अपनी माता, गुरुजनों, अपने प्रियजनों एवं अपनी पूरी चिकित्सक टीम को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

परसवाड़ा एवं बैहर क्षेत्र में इस खबर से खुशी की लहर है। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए डॉ लाहोरी को शुभकामनाएं दी हैं।

# सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल का स्थापना दिवस हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ मनाया




**नवभारत, बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अंतर्गत सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल का स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिक आयोजन था, बल्कि आध्यात्मिक जागरूकता, सामूहिक चेतना और विश्व शांति के संकल्प का जीवंत उदाहरण भी बना।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपरंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर महर्षि महेश योगी जी एवं मां सरस्वती के छायाचित्रों पर सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, वरिष्ठ शिक्षक श्री संदीप तोमर एवं श्री नीरज तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इसके पश्चात पारंपरिक विधि से गुरुपूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी जनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की।

इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामूहिक भावातीत ध्यान रहा, जिसमें सभी प्रतिभागियों भावातीत ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनिता तिवारी के मार्गदर्शन में एक साथ भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। भावातीत ध्यान के दौरान वातावरण अत्यंत शांत, सकारात्मक एवं ऊर्जावान हो गया, जिससे उपस्थित जनों को गहन मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन का अनुभव हुआ। यह अभ्यास महर्षि जी के उस सिद्धांत को साकार करता हुआ प्रतीत हुआ, जिसमें व्यक्तिगत शांति से वैश्विक शांति की ओर बढ़ने का मार्ग बताया गया है।

इस पावन अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुरूप विशेष पूजन का आयोजन भी किया गया। वैदिक पंडित श्री महेश द्विवेदी जी द्वारा विधिवत कलश पूजन कर मंत्रोच्चार किया गया। वैदिक मंत्रों की पवित्र ध्वनि से संपूर्ण परिसर गूंज उठा और वातावरण में दिव्यता का संचार हुआ। इस दौरान समस्त उपस्थित जनों ने मानव कल्याण, समाज की समृद्धि एवं विश्व शांति के लिए सामूहिक संकल्प लिया, जो कार्यक्रम का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक क्षण रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नीरज तिवारी ने सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने मंडल के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच पुरुषों को आध्यात्मिक उन्नति एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है।

उन्होंने कहा कि मंडल का मुख्य उद्देश्य महर्षि विश्व शांति आंदोलन के लक्ष्यों को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। साथ ही, उन्होंने महर्षि महेश योगी जी के 'धरती पर स्वर्ग' के दिव्य संकल्प को साकार करने की दिशा में सभी से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# बैहर में जनगणना 2027 के लिए 29 ब्लॉकों के प्रगणकों को दी गई ट्रेनिंग



**नवभारत, बैहर।** भारत सरकार द्वारा जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण' हेतु नगरीय क्षेत्र बैहर में 20 अप्रैल 2026 से 22 अप्रैल 2026 तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को जनगणना कार्य के लिए दक्ष बनाना रहा।

कार्यक्रम के अंतर्गत नगर परिषद बैहर क्षेत्र में कुल 29 ब्लॉक निर्धारित किए गए, जिनमें नियुक्त प्रगणक एवं सुपरवाइजर्स को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में घनश्याम गजभिए, आर.के. चौहान, राजेश एंकर, अनूप कुमार इक्का एवं प्रवीण बोरकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए जनगणना से संबंधित सभी प्रक्रियाओं, प्रश्नावली एवं डिजिटल माध्यम से डेटा संकलन की जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, परिवार की जानकारी संकलन, मोबाइल एप के उपयोग एवं कार्य के दौरान सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया, ताकि आगामी जनगणना कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। कार्यक्रम का समापन जनगणना शपथ के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स ने ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर नगरीय चार्ज अधिकारी श्री दिलीप कुमार बड़ेबुचे एवं जनगणना प्रभारी/लिपिक श्री गजेंद्र सिंह मेरावी उपस्थित रहे।

# विधायक पटेल आज करेंगे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

**विधायक जनसंपर्क कार्यालय में होगा प्रतिभा सम्मान समारोह**



**नवभारत, वारासिवनी।** वारासिवनी मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 2025-26 की कक्षा 10 वी एवं 12 वी की बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल अंक पाकर उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों का आज दीनदयाल चौक स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के बाजू में जनसंपर्क कार्यालय में विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा सम्मानित किया जाएगा।इस विषय में जानकारी देते हुए विधायक प्रतिनिधि अनिल पिपरेवार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी एवं निजी शिक्षक संस्थानों के करीब 1500 से अधिक विद्यार्थियों जिन्होंने 10 वी एवं 12 वी की बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर अपने पालको,स्कूलों व विधानसभा क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले बच्चों का सम्मान विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते किया जाएगा।विदित हो कि ऐसा तीसरी बार होगा संपूर्ण विधानसभा स्तर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा किया जा रहा है।जो अनुकरणीय है।इस सम्मान समारोह की शुरुआत विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा ही किया गया था।विद्यार्थियों के इस सम्मान से निश्चित ही विद्यार्थियों को पढ़ाई के क्षेत्र में और बेहतर से बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

## सिहोरा का समपार फाटक स्थायी रूप से होगा बंद

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेल मंडल के सिहोरा यार्ड क्षेत्र में स्थित समपार फाटक संख्या 336 (कि.मी. 1029/22-24) के स्थान पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। 17 अप्रैल को लोक निर्माण मंत्री द्वारा उक्त रोड ओवर ब्रिज का विधिवत उद्घाटन कर दिया गया है, जिसके पश्चात अब सड़क यातायात सुचारू रूप से आरओबी के माध्यम से संचालित हो रहा है। इसी क्रम में, समपार फाटक संख्या 336 को दिनांक 23 अप्रैल को सायं 05 बजे से सड़क यातायात हेतु स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। रेलवे ने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि वे उक्त समपार फाटक का उपयोग न करें तथा आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में निर्मित रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) का ही उपयोग करें। जबलपुर रेल मंडल द्वारा यह निर्णय जनहित एवं यातायात की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी से सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

## बाइकों में भिड़ंत तीन घायल

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत प्रियदर्शनी कॉलोनी के पास बाइकों में भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन युवक घायल हो गए जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सुरेश कुमार चौधरी 40 वर्ष निवासी बरगीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शाम लगभग 4-30 अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनजी 4410 से अपने बेटे सावन चौधरी एवं भतीजा अनुराग चौधरी को लेकर प्रियदर्शनी कॉलोनी डुमना साईड देखने के लिये आया था जहां से वापस जा रहे थे प्रियदर्शनी कॉलोनी मोड़ से मुड़ते हुये डुमना तरफसे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन जे 8795 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी मोटर सायकल में टक्कर मार दिया जिससे वह तथा सावन कुमार भतीजा अनुराग मोटर सायकल सहित गिर गये, तीनों को हाथ पैर में चोटें आ गई।



# पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण शिविर आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के परिपालन में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम (09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 22 में पोषण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक संवर्धन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को घर-आधारित देखभाल एवं खेल के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उपाय बताए गए।

शिविर के दौरान बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर कुपोषण की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया।

साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्वाभ्यास के तहत 'फ्री लाइव योग सेशन' के लिए पंजीयन भी कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती विद्या सोनगढे, श्रीमती सरला भोयर (महिला एवं बाल विकास विभाग) तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी




**अनुबंध के बाद दूसरे को बेचे दो प्लाट, अंबे श्री डेवलपर्स पार्टनर पर धोखाधड़ी का आरोप**


**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत नीमखेड़ा में अंबे श्री डेवलपर्स पार्टनर्स ने जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी कर दी। अनुबंध के बावजूद दो प्लाटों को दूसरे को बेच दिए। पीड़ित ने धोखाधड़ी की शिकायत थाने में की है।

पीड़ित आकाश कुर्मी पिता नरेश प्रसाद निवासी ग्राम नीमखेड़ा, बरेला ने बताया कि उन्होंने बरेला नीमखेड़ा स्थित दो भूखंडों का अनुबंध 9 अप्रैल 2025 को अंबे श्री डेवलपर्स के पार्टनर महेन्द्र पटेल, रूपान्शु पटेल व नरेश पटेल से किया गया था। जिसके ब्याने बतौर पर लाखों रूपए के चेक दिए गए थे। अनुबंध करने के बाद उन्होंने उक्त दोनों प्लाटों का विक्रय किसी अन्य को कर दिया है, और उसकी रजिस्ट्री भी उनके नाम से कर दी है।

### इन भूखंडों का हुआ था सौदा

पीड़ित के अनुसार, अंबे श्री डेवलपर्स के पार्टनर्स महेंद्र पटेल, रूपांशु पटेल और नरेश पटेल के साथ ग्राम नीमखेड़ा के खसरा नंबर 185, 186, 187, 188 और 189 (कुल रकबा 4.30 एकड़) में स्थित प्राइवेट ले-आउट के दो प्लॉटों का सौदा किया था। पीड़ित ने बताया कि प्लॉट नंबर 53 (1000 वर्गफुट) के लिए 1,00,000 रूपए का चेक और प्लॉट नंबर 54 (1000 वर्गफुट) के लिए 1,00,000 रूपए का बयाने के तौर पर डीसीबी बैंक, शाखा करमेता के माध्यम से उक्त डेवलपर्स को दिए थे।

# स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट



**होटल विरासत में पुलिस की रेड संचालक समेत दो गिरफ्तार**

**जबलपुर।** होटल विरासत में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चल रहा था। जिसकी भनक लगते ही गोसलपुर पुलिस ने छापेमारी कर दी। मौके से संचालक समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि होटल विरासत स्पा सेंटर गोसलपुर के संचालक सुखदेव पटेल निवासी घुघरी गोसलपुर का अपने होटल में बाहर से महिला बुलाकर अनैतिक देह व्यापार कराने के लिये ग्राहकों को उपलब्ध कराकर अवैध धन अर्जित करता है एवं प्रत्येक ग्राहक से महिला उपलब्ध कराने का 700 रूपये लेता है। सूचना पर पुलिस ने पंटर को ग्राहक बनाकर भेजा। जिसे बताया गया कि होटल की कुछ दूरी पर पुलिस फोर्स इशारे का इंतजार करेंगी वहां जाकर होटल संचालक से देह व्यापार के लिये महिला उपलब्ध कराने का सौदा करना और सौदा तय होने के बाद हाथ हिलाकर इशारा करना। 500 रूपये का 1 नोट एवं 100 के 2 नोट को हस्ताक्षर कर देते हुये पंटर को भेजा गया।

**इशारा मिलते ही धमकी टीम, रजिस्टर में नहीं मिली एंट्री**

थोड़ी देर बाद पंटर का इशारा मिलने पर थाना प्रभारी गोसलपुर श्रीमति गाजीवती पुसाम द्वारा पुलिस बल के साथ होटल विरासत स्पा सेंटर गोसलपुर में दबिश दी जहां काउंटर में सुखदेव पटेल पटेल 34 वर्ष निवासी ग्राम घुघरी थाना गोसलपुर मिला। पुलिस ने होटल के काउण्टर की तलाशी ली गई जो काउण्टर के उपर आगंतुक रजिस्टर रखा मिला जिसे खोल कर देखने पर आज दिनांक को किसी प्रकार की इंट्री दर्ज होना नहीं पायी गयी बाद काउण्टर के ड्राज को खोलकर चेक करने पर उसमें पंटर को दिये गये 500 रूपये का 1 नोट एवं 100 रूपये के 2 हस्ताक्षरित नोट एवं आपत्तिजक चीजे मिले ।

### कमरों की सर्चिंग, आपत्तिजनक हालत में मिले युवक-युवती

होटल संचालक सुखदेव पटेल की तलाशी लेने पर पेंट के जेब से सेमसंग कंपनी का एंड्रायड मिला। इसके बाद होटल संचालक सुखदेव पटेल को साथ लेकर होटल के कमरों को चेक किया गया। कमरा नं.02 में रामजी पटेल पटेल 39 वर्ष निवासी रामवार्ड देवरी पनागर एवं एक महिला आपत्तिजनक स्थिति में मिले।

### शहर से बुलाई गई युवती

युवती से पूछताछ करने पर उसने बताया कि संचालक सुखदेव पटेल उसे जबलपुर से बुलाता था एवं प्रत्येक ग्राहक का 500 रूपये देता है एवं एक अन्य महिला को भी होटल संचालक बुलाता है। कमरा नं.03 खोलकर देखने पर उसमें एक महिला बैठी मिली जिसे भी होटल मालिक ग्राहकों को परोस रहा था।

### लंबे समय से चल रहा था देह व्यापार

रामजी पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि होटल संचालक सुखदेव पटेल होटल में लडकियां बुलाकर ग्राहकों को उपलब्ध कराता है जो वह भी लड़की के चक्कर में होटल आया था होटल संचालक सुखदेव पटेल ने 700 रूपये लेकर लडकी को उपलब्ध कराया है। बताया जाता है कि होटल और स्पा सेंटर की आड़ में लंबे समय से देह व्यापार का धंधा चल रहा था। आरोपी संचालक सुखदेव पटेल, एवं रामजी पटेल के खिलाफ अनैतिक व्यापार अधिनियम के तहत कार्यवाही की गयी।